राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

लिंक रोड नंबर 3, पत्रकार कालोनी ,भोपाल– 462003

पृ.क/एनएचएम/एच.आर./स.नि./एच.आर.टी /2022/8605 भोपाल, दिनांक–05/12/2022

//आदेश//

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश की विज्ञप्ति क्रमांक/रा.स्वा.मि./मा.संसा./2022/303 भोपाल, दिनांक 13.01.2022 द्वारा शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक के 23 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सेम्स लिमिटेड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए थे।

समसंख्यक आदेश कमांक क्र./एन.एच.एम./सं.नि./ एच.आर.टी./2022/ 5489 दिनांक 08/08/2022 द्वारा 23 संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक के संविदा नियुक्ति आदेश प्रसारित किये गये थे।

संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा कार्यभार ग्रहण न करने की स्थिति में रिक्त हुये पदों को प्रतीक्षा सूची एवं मेरिट के आधार पर रिक्त पदों को भरने हेतु सूची सेम्स लिमिटेड से प्राप्त कर चयनित 07 संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक को मासिक मानदेय 30,000 /– रु. (शब्दों में तीस हजार मात्र) के आधार पर संविदा नियुक्ति प्रदान की जाती है:–

Sr. No.	App. Id	Name	Father/ Husband Name	Gender	Category	Merit Rank	Selection Remarks	Allotted Institution CMHO Office
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	163603	Jeetendra Singh	Surendra Singh	Male	UR	10	Shortlisted_WL_UR_O_1	CMHO-Raisen
2	163442	Pradeep Kumar Sharma	Pawan Kumar Sharma	Male	UR	11	Shortlisted_WL_UR_O_2	CMHO-Shivpuri
3	154664	Dharmendra Singh Rana	Karan Singh Rana	Male	OBC	17	Shortlisted_WL_OBC_O_1	CMHO-Sehore
4	167712	Hariom Singh	Mr Lakhan Singh	Male	OBC	22	Shortlisted_WL_OBC_O_2	CMHO-Hoshangabad
5	164392	Parul Gupta	Bharat Gupta	Female	UR	28	Shortlisted_WL_UR_W_1	CMHO-Ratlam
6	163198	Heena Makrani	Ramij Makrani	Female	OBC	78	Shortlisted_WL_OBC_W_1	CMHO-Burhanpur
7	165305	Vandana Verma	Bhurelal Verma	Female	SC	136	Shortlisted_WL_SC_W_1	CMHO-Shahdol

संविदा सेवा शर्तें निम्नानुसार रहेगी :–

1. संविदा सेवा की शर्तें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के संविदा मानव संसाधन मैनुअल वर्ष–2021 (संशोधित) के अनुरूप होगी।
2. संविदा पद पर नियुक्ति आदेश दिनांक से वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक (दिनांक 31 मार्च 2023) के लिये अनुबंध होगा।
3. वार्षिक कार्य आधारित मूल्यांकन में योग्य पाये जाने पर मानव संसाधन के मैनुअल के अनुरूप संविदा अनुबंध को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. द्वारा स्वीकृत अवधि के लिये बढ़ाया जा सकेगा।
4. संविदा अनुबंध के आधार पर नियमितीकरण संबंधी कोई मांग या दावे स्वीकार्य नही होगें।
5. संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक को आदेश प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होना होगा। निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण न करने की दशा में नियुक्ति स्वतः निरस्त माना जायेगा।

6. संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक को उपस्थिति पश्चात 07 दिवस के अन्दर जिला मेडिकल बोर्ड का फिटनेस प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
7. यदि अपरिहार्य स्थिति में पदभार ग्रहण करने में विलंब होता है तो संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से अनुमति प्राप्त करनी होगी।
8. संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात राज्य स्वास्थ्य समिति/जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के साथ गैर न्यायिक बंधपत्र (जिसकी राशि मध्यप्रदेश शासन के नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुरूप होगी) पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा।
9. प्रथम संविदा पर चिकित्सकीय जांच– नियुक्ति के समय अभ्यर्थी द्वारा मेडिकल फिटनेस हेतु स्वयं के व्यय पर जिला चिकित्सकीय बोर्ड का चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चिकित्सा बोर्ड द्वारा किये गये चिकित्सकीय परीक्षण में उपयुक्त पाये जाने पर ही संविदा नियुक्ति वैध होगी।
10. अनुबंध उपरांत संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक को उनके पदस्थापना स्थल पर निवास करना अनिवार्य होगा।
11. संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक को शासन के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संचालन में सक्रिय रूप से भाग लेना होगा ऐसे कार्यक्रमों में भाग नही लेना कदाचार माना जायेगा।
12. संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा कदाचरण करने अथवा किसी आपराधिक कृत्य में लिप्त होने पर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
13. संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के प्रशासकीय नियंत्रण के अधीन होगे।
14. मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा लिखित पूर्वानुमति सक्षम अधिकारी से प्राप्त की जाना होगी।

(प्रियंका दास)
मिशन संचालक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

पृ.क/एनएचएम/एच.आर./स.नि./एच.आर.टी /2022/8605 भोपाल, दिनांक– 05/12/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्यप्रदेश।
2. आयुक्त, स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश।
3. संचालक, /मुख्य प्रशासकीय अधिकारी,एनएचएम, मध्यप्रदेश।
4. संचालक वित्त एनएचएम मध्यप्रदेश।
5. कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, रायसेन, शिवपुरी,सीहोर, होंशगाबाद,बुरहानपुर, रतलाम, शहडोल मध्यप्रदेश।
6. क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाऐं संभाग भोपाल, रीवा, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, सागर , एवं उज्जैन मध्यप्रदेश।
7. उप संचालक, मानव संसाधन/लीगल/शहरी स्वास्थ्य/ कार्यालय प्रशासन एनएचएम मध्यप्रदेश।
8. उप संचालक आई.टी. एनएचएम की ओर भेजकर लेख है कि उक्त आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

9. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायसेन, शिवपुरी,सीहोर, होंशगाबाद,बुरहानपुर, रतलाम, शहडोल मध्यप्रदेश। मध्यप्रदेश की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि संबंधित संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक के उपस्थिति उपरान्त दस्तावेज मिलान की सुविधा हेतू सेम्स लिमिटेड के ई–मेल के माध्यम से यू.आर.एल. लिंक भेजी जावेगी। यू.आर.एल. के माध्यम से संबंधित अभ्यर्थी के दस्तावेजों को डाउनलोड किया जा सकता है, जिसमें सेम्स लिमिटेड पोर्टल पर अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के समय अपलोड किये दस्तावेज है। इन दस्तावेजों का मिलान संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत मूल दस्तावेजों से करना सुनिश्चित करें एवं मूल दस्तोवजों की प्रमाणिकता भी देखी जावें। यह विशेष उल्लेखनीय है कि यू.आर.एल. केवल कार्यालयीन उपयोग के लिए है, जिसकी उपयोग की पूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वंय की होगी साथ ही संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक की कार्य पर उपस्थिति की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित करें।
10. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, रायसेन, शिवपुरी,सीहोर, होंशगाबाद,बुरहानपुर, रतलाम, शहडोल मध्यप्रदेश। मध्यप्रदेश।
11. मैनेजर DHAP, राज्य कार्यालय, एनएचएम मध्यप्रदेश।
12. Mr. Gautamnath (MD & CEO), Strategic Alliance Management Service Pvt. Ltd, 1/1-B Ground Floor, Chaudhury Hetram House, Bharat Nagar, New Friends Colony, Near Mata Ka Mandir, New Delhi – 110025 की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि सेम्स लिमिटेड के पोर्टल पर अपलोड करें एवं संबंधित को तामिल करावे तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायसेन, शिवपुरी,सीहोर, होंशगाबाद,बुरहानपुर, रतलाम, शहडोल मध्यप्रदेश को संबंधित सहायक कार्यक्रम प्रबंधक के दस्तावेज मिलान हेतु यू.आर.एल. लिंक भेजे।
13. आदेश नस्ती।

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
मध्यप्रदेश